एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# ब्रेकअप के बाद फिर से बात करते स्पॉट किए गए सारा और कार्तिक

सारा अली खान और कार्तिक आर्यन के ब्रेकअप की खबरों ने पिछले हफ्ते काफी सुर्खियां बटोरी थीं। इम्तियाज अली की फिल्म आज कल (अस्थायी टाइटल) के सेट पर एक-दूसरे के प्यार में पड़ने वाली इस कपल ने ब्रेक लेने और सौहार्दपूर्ण तरीके से अलग होने का फैसला किया था। इनके रोमांस ने पपराजियों का ध्यान अपनी ओर खिंचा था और दोनों बी-टाउन के मोस्ट फोटोग्राफ्ड कपल्स में से एक थे। हालांकि, उनका रोमांस बहुत लंबा नहीं चल पाया और सारा-कार्तिक अपनी फिल्म का प्रमोशन शुरू करने से पहले ही अलग हो गए। ब्रेकअप के बाद सारा ने एक छोटा ब्रेक लिया और अपनी दोस्तों फ्रेंड्स के साथ छुट्टियां मनानें श्री लंका चली गईं, जहां वह शटरबग्स से दूर ब्रेकअप से उबरने की कोशिश कर रही थीं। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि कार्तिक और सारा ने ब्रेकअप के बाद एक दूसरे से फिर से बात करने लगे हैं। एक सूत्र का कहना है कि भले ही दोनों अभी तक साथ नहीं आ पाए हैं, लेकिन दोनों के बीच बातचीत शुरू हो चुकी है। इस डिवेलपमेंट से जुड़े एक सूत्र सच्चाई बताते हुए कहा, ' ब्रेकअप के बाद भी दोनों के बीच कोई कड़वाहट नहीं हैं। हाल ही में श्रीलंका से लौटने के बाद, सारा-कार्तिक मिले और बातचीत करते हुए स्पॉट किए गए। दोनों इस समय को काफी अच्छे से संभाल रहे हैं और जानते हैं कि उनको अपनी फिल्म को प्रमोट करने के लिए अपने पर्सनल डिफरेंसेज को अलग रखना होगा।' रिपोर्ट में कहा गया था कि दोनों एक-दूसरे के फिल्म सेट पर जाकर एक-दूसरे के लिए वक्त निकालने की कोशिश किया करते हैं, लेकिन इन सबके बीच दोनों एक-दूसरे के लिए क्वॉलिटी टाइम नहीं निकाल पा रहे। इसलिए अलग होने का फैसला किया। हालांकि दोनों सौहार्दपूर्ण तरीके से अलग हुए हैं और इनके बीच कोई मनमुटाव भी नहीं है।

# हाउसफुल 4 की शानदार कमाई से बेहद खुश हैं पूजा हेगड़े

अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'हाउसफुल 4' की बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई जारी है. पांच दिनों में ही इस फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली थी. अब फिल्म तेज़ी से 150 करोड़ की ओर बढ़ रही है. ऐसे में फिल्म की पूरी टीम इस शानदार कमाई से काफी खुश है. अभिनेत्री पूजा हेगड़े अपनी फिल्म हाउलफुल 4 के 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली फिल्मों के क्लब में शामिल होने से बेहद खुश हैं. उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए प्रशंसकों का आभार जताया है.

पूजा ने कहा, जब फिल्म अच्छी कमाई करती है तो बेहद खुशी होती है क्योंकि इसका मतलब है कि दर्शकों को यह पसंद आई है और लोग इसे देख रहे हैं. हमने पागलपंती और हास्य से भरपूर फिल्म बनाई है और फिल्म को सराहने के लिए मैं दर्शकों की शुक्रगुजार हूं. फिल्म ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने 'हाउसफुल 4' के छठे दिन की कमाई के आंकड़े जारी किए हैं. फिल्म ने बुधवार को छठे दिन 16.35 करोड़ रुपये का बेहतरीन बिज़नेस किया है. बुधवार की कमाई के बाद फिल्म का कुल कारोबार 128.17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. आपको बता दें कि पूजा अपनी अगली फिल्म जान में प्रभास के साथ नजर आएंगी. अभिनेत्री फिलहाल सऊदी अरब में हैं.

# ऊर्वशी रौतेला को मिली नई फिल्म, विनीत कुमार सिंह के साथ करेंगी स्क्रीन शेयर

अपने ग्लैमरस लुक के लिए मशहूर अभिनेत्री ऊर्वशी रौतेला नई फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह संग नजर आएंगी. विनीत को मुक्केबाज और सांड की आंख जैसी फिल्मों में अहम किरदारों को निभाने के लिए जाना जाता है. दोनों तमिल फिल्म थिरु तु पयाले 2 की बॉलीवुड रीमेक में नजर आएंगे. फिल्म के निर्देशक सुसी गणेशन ने यह जानकारी दी. इस खबर की पुष्टि करते हुए सुसी ने कहा, यह एक सार्वभौमिक विषय है जिससे आज के समय में कोई भी जुड़ाव महसूस कर सकता है और दुनिया के किसी भी हिस्से में बनाया जा सकता है. मैंने तमिल फिल्म बनाने के दौरान एक हिंदी रीमेक पर विचार किया था, और मुझे खुशी है कि यह विनीत और उर्वशी जैसे उम्दा कलाकारों के अभिनय के साथ आ रहा है. मैं अभिनेत्री द्वारा किरदार को समझने से बहुत प्रभावित हुआ. थिरु तु पयाले 2 2017 में रिलीज हुई थी और व्यवसायिक रूप से इसने अच्छा प्रदर्शन किया था. ऊवर्शी फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं. उन्होंने कहा, फिल्म में मुझे लेने के लिए मैं सच में सुसी सर की शुक्रगुजार हूं. मैंने तमिल फिल्म देखी और उसका किरदार मुझे बहुत पसंद आया. मेरे लिए विनीत कुमार जैसे उम्दा अभिनेता और सुसी गणेशन जैसे समर्पित निर्देशक के साथ काम करने का यह शानदार अवसर है.